संख्या 3/2025/140/21-उर्दू-2-2025
उत्तर प्रदेश शासन
भाषा (उर्दू) अनुभाग-2
संख्या:140/इक्कीस-उर्दू-2-2025
लखनऊ: दिनांक 20 अगस्त,2025

गत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी भाषा विभाग के नियंत्रणाधीन जूनियर हाईस्कूल/ हाईस्कूल स्तर की उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा (राजकीय अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु वैकल्पिक उर्दू प्रवीणता परीक्षा) योजनान्तर्गत सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा दिनांक 09, 10 एवं 11 दिसम्बर, 2025 को आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा में आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 02 नवम्बर, 2025 निर्धारित है ।

अतः अनुरोध है कि कृपया संलग्न प्रेस विज्ञप्ति को प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशन कराये जाने तथा दूरदर्शन व आकाशवाणी रेडियो पर प्रसारित कराये जाने का कष्ट करें, ताकि अधिक से अधिक संख्या में राजकीय अधिकारी/कर्मचारी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

संलग्नक-प्रेस विज्ञप्ति ।

(मो0आसिम रिजवी)
अनु सचिव (भाषा)

संख्या140/इक्कीस-उर्दू-2-2025,तददिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नालिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1 निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ-226001 ।
2 निदेशक, दूरदर्शन,05 मीराबाई मार्ग, लखनऊ-226001 ।
3 निदेशक, आकाशवाणी रेडियो, विधान सभा मार्ग, लखनऊ-226001 ।

आज्ञा से,

(मो0आसिम रिजवी)
अनु सचिव (भाषा)

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकतानही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकतावेबसाइटhttp://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

कार्यालय-सचिव,परीक्षा नियामक प्राधिकारी,उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

विज्ञप्ति

जूनियर हाईस्कूल / हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2025-26 दिनांक 09,10 एवं 11 दिसम्बर 2025 को सम्पादित होगी।

अर्हता:-समस्त राजकीय तथा निगमों ,स्थानीय निकायों के अधिकारी / कर्मचारी।

1. हाईस्कूल स्तर या समकक्ष अथवा उच्च स्तर की परीक्षा में उर्दू विषय के रूप में न लिया हो वे ही अभ्यर्थी हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।
2. जूनियर हाईस्कूल स्तर या समकक्ष अथवा उच्च स्तर की परीक्षा में उर्दू विषय के रूप में न लिया हो वे ही अभ्यर्थी जूनियर हाई स्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।

परीक्षा केंद्र -:

1.राजकीय इन्टर कॉलेज,निशातगंज,लखनऊ।
2. राजकीय इन्टर कॉलेज,मुरादाबाद।
3. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,प्रयागराज।
4. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आगरा।

परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सादे आवेदन पत्र एवं नियामादि उत्तर प्रदेश के समस्त विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयध्यक्षों के पास प्रेषित किए जा रहे हैं तथा इस कार्यालय की वेबसाइट www.examregulatoryauthorityup.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र जनपद के जिला सूचना अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए आवेदन पत्र उनके कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित होकर सचिव,परीक्षा नियामक प्राधिकारी,उ०प्र० प्रयागराज के कार्यालय में अनिवार्य रूप से दिनांक 02.11.2025 तक अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

हाई स्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को क्रमशः रु० 1400.00, रु० 1000.00, रु० 800.00 पुरस्कार तथा जूनियर हाई स्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को क्रमशः रु० 600.00, रु० 400.00, रु० 200.00 का पुरस्कार तथा साथ में दक्षता प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। अधिकारियों / कर्मचारियों का यात्रा भत्ता नियमानुसार उनके विभाग / कार्यालय से देय होगा।

सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी ,
उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकतानही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकतावेबसाइटhttp://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in